<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में गीता ज्ञान पर व्याख्यान आयोजित</u>

पन्तनगर। 2 मई 2025। विश्वविद्यालय कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय सभागार में इंटरनेषनल गीता सोसाईटी से श्री केषव चोपड़ा, सेवानिवृत्त इंजी, अमेरिका ने महाविद्यालय के प्रबंधन छात्रों को गीता ज्ञान से अभिप्रेरित व्याख्यान दिया। गीता के उद्धारणों से विद्यार्थियों को अपने कौषल विकास का मंत्र दिया उन्होंने श्लोकों के माध्यम से बताया कि ऊच्च षिक्षित युवाओं में गीता के प्रति उत्साह बढ़ रहा है जो कि एक साकारात्मक पीढ़ी का संदेष दे रहा है, उन्होने कहा कि युवा पीढ़ी अपने बहुमूल्य सांस्कृतिक विरासत को समझ सके और उसे अपना सके। चालीस श्लोकी गीता का वितरण किया गया।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की संरक्षण में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. आर.एस. जादौन ने सभी का स्वागत किया और ऐसे व्याख्यान की सराहना की। कुलपति के निजी सचिव श्री गोविन्द सिंह पटवाल, डा. श्रीराम सिंह एवं हरेन्द्र सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। महाविद्यालय प्लेसमेंट प्रभारी डा. रीतिका भट्ट अन्य महाविद्यालयों से डा. पुरवार, डा. वीपी सिंह, श्री जगन यादव, लक्षमण सिंह, भीम सिंह व कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभी छात्र उपस्थित थे। श्रीगीता योग स्वाध्याय द्वारा गीता प्रचार, अध्ययन से जुड़ने की अपील की गयी।